प्रेस नोट

जनपद-कौशाम्बी

दिनांक 08.02.2021

जनपद मे कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रुप से बाहर घूमने/ मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध 50 बैरियर/नाकों एवं थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 174 वाहनों का eचालान किया गया एवं 12 वाहनों का चालान कर 5000 रु0 सम्मन शुल्क वसूला गया_साथ ही **बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लघन करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 25 व्यक्तियों से 25 00 रुपये जुर्माना वसूला गया।**

निरोधात्मक कार्यवाही मे 09 अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री अभिनन्दन के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना करारी से 02, थाना प0 शरीरा से 01, थाना कौशाम्बी से 02, थाना स0 अकिल से 01 थाना चरवा से 01, थाना कोखराज से 02) कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।